(ब) उर्वशी का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

दिनकर की काव्यगत विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए ।

(स) नागार्जुन की भाषा का स्वरूप स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

कवि अज्ञेय प्रयोगवाद के आधार स्तम्भ है, उनकी रचनाओं के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए ?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4×4=16**

(अ) मैथिलीशरण गुप्त की भाषा शैली स्पष्ट कीजिए।

(ब) उर्वशी के तृतीय अंक में कवि क्या संदेश देना चाहता है ?

(स) 'राम की शक्ति पूजा' का प्रतिपादय स्पष्ट कीजिए।

(द) शासन और बन्दुक कविता की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए ।

(इ) 'अकाल दर्शन' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(फ) 'असाध्यवीणा' कविता में कवि क्या संदेश देना चाहता है ।

(ग) अज्ञेय के काव्य में सामाजिकता के भाव का समन्वय स्पष्ट कीजिए ।

No. of Printed Pages : 05 **Roll No. .....**

55114

M. A. (NEP-2020) EXAMINATION, 2026

(Second Semester)

आधुनिक हिंदी कविता

Time : 3 Hours] [*Maximum Marks :* 70

Before answering the question-paper, candidates must ensure that they have been supplied with correct and complete question-paper. No complaint, in this regard will be entertained after the examination.

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. किन्हीं **दो** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **6×2=12**

(अ)

शिवजी की तीसरी आँख से
निकली हुई महाज्वाला में
घृत-मिश्रित सूखी समिधा-सम

कामदेव जब भस्म हो गया
रति का क्रंदन सुन आँसू से
तुमने ही तो दृग धोये थे
कालिदास ! सच-सच बतलाना

(ब)

''क्या कहती हो ठहरो नारी !
संकल्प अश्रु-जल से अपने;
तुम दान कर चुकी पहले ही
जीवन के सोने से सपने ।
नारी ! तुम केवल श्रद्धा हो,
विश्वास रजत नग पग तल में;
पीयूष स्रोत सी बहा करो,
जीवन के सुंदर समतल में ।

(स)

एक आदमी
रोटी बेलता है
एक आदमी रोटी खाता है
एक तीसरा आदमी भी है
जो न रोटी बेलता है, न रोटी खाता है

वह सिर्फ रोटी से खेलता है
मैं पूछता हूँ,
'यह तीसरा आदमी कौन है ?'
मेरे देश की संसद मौन है ।

(द)

खेद और प्रस्वेद-पूर्ण यह तीव्र ताप है छाया ।
पाया था सो खोया हमने, क्या खोकर क्या पाया ?
रहे न हम में राम हमारे, मिली न हमको माया ।
यह विषाद ! वह हर्ष कहाँ अब देता था जो फेरी ?
जीवन के पहले प्रभात में आँख खुली जब मेरी ।
वह कोइल, जो कूक रही थी, आज हूक भरती है,
पूर्व और पश्चिम की लाली रोष-वृष्टि करती है ।

2. आलोचनात्मक प्रश्न : **3×12=36**

(अ) जयशंकर प्रसाद की काव्यगत विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

साकेत काव्य का समरस्ता संदेश वर्तमान जीवन स्थितियों में कहाँ तक प्रासंगिक है ? युक्तियुक्त उत्तर दीजिए ।

4. वस्तुनिष्ट प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **6×1=6**

(अ) कामायनी के नायक का क्या नाम है ?

(ब) मैथिली शरण गुप्त किस युग के कवि माने जाते है ?

(स) उर्वशी महाकाव्य है या गीतिकाव्य ।

(द) दिनकर को उर्वशी पर कौनसा पुरस्कार मिला ?

(इ) उर्वशी के पुत्र का नाम बताइए ।

(फ) राटी और संसद में तीसरा आदमी कौन है ?

❖❖❖❖❖❖❖

4. वस्तुनिष्ट प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **6×1=6**

(अ) कामायनी के नायक का क्या नाम है ?

(ब) मैथिली शरण गुप्त किस युग के कवि माने जाते है ?

(स) उर्वशी महाकाव्य है या गीतिकाव्य ।

(द) दिनकर को उर्वशी पर कौनसा पुरस्कार मिला ?

(इ) उर्वशी के पुत्र का नाम बताइए ।

(फ) राटी और संसद में तीसरा आदमी कौन है ?

❖❖❖❖❖❖❖